हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 मार्च 2026

04 नपा राजस्व वसूली को लेकर गंभीर नहीं!




07 बोरिंग वाले घरों से पीने का पानी मांगने के लिए मजबूर...





### गैस बुकिंग का समय 21 से बढ़ाकर 25 दिन किया गया

# अभी घरों में गैस पर्याप्त, होटल-रेस्टोरेंट की फूड सप्लाई पर संकट मंडराया

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब भारत में गैस सप्लाई पर दिखने लगा है, जिससे होटल और रेस्टोरेंट व्यवसाय पर दबाव बढ़ सकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

होटल और रेस्टोरेंट के लजीज व्यंजनों के शौकीनों के लिए आने वाले दिनों में परेशानी बढ़ सकती है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण गैस सप्लाई प्रभावित होने लगी है, जिसका असर सबसे पहले कॅमर्शियल सिलेंडरों पर दिखाई दे रहा है।

इसका प्रभाव नर्मदापुरम जिले सहित हिल स्टेशन पचमढ़ी के होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय पर पड़ रहा है। हालांकि फिलहाल घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत है और घरों में उपयोग होने वाली गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

### 25 दिन बाद ही होगी नई बुकिंग

गैस सिलेंडरों की जमाखोरी रोकने के लिए सरकार ने बुकिंग और डिलिवरी के नियम सख्त किए हैं। नए प्रावधान के अनुसार अब उपभोक्ता सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग करा सकेंगे। वहीं डिलीवरी का समय भी 3 दिन से बढ़ाकर 7 दिन कर दिया गया है। गैस एजेंसियों को सीमित सप्लाई मिलने से ऑर्डर के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



### होटल व समारोहों पर असर

कॉमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता कम होने से होटल-रेस्टोरेंट और शादी-समारोहों में गैस की समस्या सामने आने लगी है। इससे भोजन की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने उपभोक्ताओं से घबराने या अनावश्यक गैस जमा करने से बचने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम केवल जमाखोरी रोकने और सप्लाई व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं।

#### इनका कहना है

कमर्शियल सिलेंडर पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। सिलेंडर बुकिंग का समय 21 से 25 दिन कर दिया गया है।
**रश्मि साहू,** जिला आपूर्ति नियंत्रक

### एलपीजी संकटः होटलों और रेस्टोरेंट में काम बंद की कगार पर

**इटारसी।** देश में गहराए ऊर्जा संकट ने इटारसी के खान-पान उद्योग को दशकों पीछे धकेलने की स्थिति पैदा कर दी है। केंद्र सरकार के ताजा फैसले के बाद अब बाजार में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई है। इसका सीधा असर यह होगा कि शहर के प्रमुख होटलों और रेस्टोरेंट्स में अब गैस की भट्टियां खामोश हो जाएंगी और व्यापारियों को मजबूरी में पारंपरिक ईंधन यानी लकड़ी और कोयले की ओर लौटना पड़ सकता है।




#### कमर्शियल सिलेंडर गायब

खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के नए दिशा-निर्देशों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब एलपीजी का उपयोग केवल घरों, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों तक ही सीमित रहेगा। इटारसी की गैस एजेंसियों के पास कमर्शियल स्टॉक पूरी तरह समाप्त हो चुका है। एजेंसी संचालक के मुताबिक, नई खेप में केवल घरेलू सिलेंडर ही प्राप्त हुए हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि घरेलू उपभोक्ताओं को भी अब एक रिफिल के बाद दूसरे सिलेंडर के लिए 25 दिनों का लंबा इंतजार करना होगा।

#### पूड़ी लाइन-कैटरिंग व्यवसाय पर असर

इटारसी जैसे बड़े जंक्शन पर यात्रियों की लाइफलाइन कहे जाने वाले अन्नपूर्णा मार्केट (पूड़ी लाइन) के संचालकों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष ठाकुर और रेस्टोरेंट संचालक राजकिशोर दुबे का कहना है कि अचानक आई इस रोक से व्यापार ठप होने की कगार पर है। वहीं, टेंट एवं गार्डन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शेख शकील ने बताया कि शादियों के सीजन में कैटरिंग के ऑर्डर पूरे करना अब चुनौती बन गया है, क्योंकि हलवाइयों के पास भट्टियां जलाने के लिए गैस उपलब्ध नहीं है।

#### बिजली और सोलर चूल्हों का करें उपयोग

संकट को देखते हुए जिला प्रशासन और खाद्य विभाग ने व्यापारियों को 'वैकल्पिक ईंधन' अपनाने की सलाह दी है। कलेक्टर के निर्देशों के बाद अब एसडीएम और खाद्य अधिकारियों की टीम होटलों का निरीक्षण करेगी और उन्हें इंडक्शन, सोलर कुकर या बायो-गैस जैसे विकल्पों पर शिफ्ट होने के लिए प्रेरित करेगी। हालांकि, व्यापारियों का तर्क है कि बड़े पैमाने पर भोजन तैयार करने के लिए तत्काल बिजली के भारी उपकरणों की व्यवस्था करना आर्थिक रूप से बेहद खर्चीला है।

#### रेलवे का 'गैस-मुक्त' मिशन

ईंधन की इस किल्लत के बीच आईआरसीटीसी ने दूरगामी फैसला लिया है। देश के सभी प्रमुख स्टेशनों पर अब गैस का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित करने की तैयारी है। वेंडर्स को सख्त हिदायत दी गई है कि वे केवल इंडक्शन और माइक्रोवेव का ही प्रयोग करें। मार्च के इस दौर में यात्रियों को खाने की कमी न हो, इसके लिए स्टेशनों पर रेडी टू ईट भोजन की उपलब्धता अनिवार्य कर दी गई है।

# मछली के अवैध शिकारियों की वनरक्षक को धमकी, रोका तो जिंदा गड़ा देंगे

### वनकर्मी से मछली शिकारियों ने की मारपीट, रेंजर ने दिया टीआई के नाम आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के एक वनकर्मी से मछली का अवैध शिकार करने वालों द्वारा मारपीट का मामला गत दिनों हुआ है। मामले में मढ़ई रेंजर ने शिकायती आवेदन सोहागपुर टीआई के नाम दिया है।

रेंजर राहुल उपाध्याय द्वारा दिये गए आवेदन अनुसार सतपुड़ा टाईगर रिजर्व की वन परिक्षेत्र कामती में जितेंद्र नायर वनरक्षक वर्तमान में बीट सोनभद्रा मेल जल बीट में पदस्थ हैं। बीट क्षेत्र देनवा नदी के डूब क्षेत्र से लगा होने के कारण आस-पास के ग्रामीण कोर क्षेत्र में अवैध प्रवेश कर मत्स्याखेट करते हैं। जिसके कारण क्षेत्र में सघन गश्ती करना आवश्यक है। दो मार्च 2026 को जितेन्द्र नायर वनरक्षक अपनी बाइक क्रमांक एमपी 05 एमआर 7275 को देनवा नदी किनारे खड़ीकर सोनभद्रा मेल कैम्प पर गए थे। चार मार्च 2026 को नायर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक क्षतिग्रस्त की गई है। वनरक्षक ने सुरक्षा श्रमिकों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की तो ज्ञात हुआ कि संदीप कुशवाहा व राहुल कहार निवासी सोहागपुर ने बाइक में तोड़फोड़ की है। संदीप व राहुल पूर्व से कोर क्षेत्र में अवैध प्रवेश कर मछली मारने का प्रयास करते रहे हैं।



वनरक्षक द्वारा कोरजोन में अवैध मछली शिकार पर रोक के कारण संदीप कुशवाहा एवं राहुल कहार निवासी सोहागपुर ने द्वेषभाव भावना से बाइक को क्षति पहुंचाई है।

#### जिंदा गड़ा देंगे..!, रेंजर के आवेदन अनुसार

जितेंद्र नायर वनरक्षक द्वारा मछली मारने पर लगाई गई रोक के कारण संदीप कुशवाहा एवं राहुल कहार नाराज थे। तो इन लोगों ने वनरक्षक नायक के साथ गाली गलौच करते हुए जंगल में जिंदा गाड़ देने की धमकी दी। साथ ही यह भी कहा कि जिस नाव से वनरक्षक गश्ती करता है, उसे भी देनवा नदी में वनरक्षक के साथ डूबा देंगे। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के साथ-साथ शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई है। रेंजर के आवेदन अनुसार संदीप कुशवाहा व राहुल कहार आदतन अपराधी हैं। इन दोनों पर पूर्व में भी सतपुड़ा टाईगर रिजर्व की बागड़ा बफर परिक्षेत्र में अवैध प्रवेश कर मत्स्याखेट करने के उपरांत वन अपराध प्रकरण भी दर्ज है।

#### भयभीत वनकर्मी

जितेन्द्र नायर वनरक्षक सहित अन्य वनकर्मी धमकी से भयभीत हैं। संदीप कुशवाहा एवं राहुल कहार निवासी सोहागपुर द्वारा दी गई धमकी से सभी कर्मचारियों में अत्यंत भय है। जिसके कारण वनकर्मी अपने शासकीय कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा एवं लगन से नही कर पा रहे है। वनरक्षक नायक द्वारा छह मार्च 2026 को उक्त दोनों व्यक्तियों को लेकर थाना सोहागपुर में लिखित शिकायत भी की गई है। अतः संदीप कुशवाहा एवं राहुल कहार निवासी सोहागपुर के विरूद्ध वैधानिक उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

#### जांच कर रहे हैं

रेंजर द्वारा दिया गया आवेदन प्राप्त हुआ है। वनरक्षक की बाइक क्षतिग्रस्त करने की शिकायत है। मामले में जांच की जा रही है।
**उषा मरावी,** थाना प्रभारी सोहागपुर

### गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग मंच ने उठाई

**नर्मदापुरम।** गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग नर्मदापुरम जिले से उठने लगी है। सामाजिक समरता राष्ट्रीय एकता मंच के संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत व अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह मांग की है। उन्होंने बताया कि हमारे देश की संस्कार और संस्कृति में गोमाता को पूजनीय माना है। इसके बावजूद लाखों करोड़ों लोग रुपए के लालच में गो मांस का निर्यात करते है। इसके अलावा उन्होंने शंकराचार्य को दोषमुक्त करने एवं गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की है।

## केसला की छात्राओं को 'द केरला स्टोरी' फिल्म दिखाई, जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

क्षेत्र की बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से केसला मंडल अध्यक्ष सुशील बरखड़े के द्वारा छात्राओं को फिल्म 'द केरला स्टोरी' दिखाई गई। इटारसी स्थित गोल्डमार्क टॉकीज में आयोजित इस विशेष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल हुईं।

इस अवसर पर केसला मंडल अध्यक्ष सुशील बरखड़े ने बताया कि फिल्म दिखाने का उद्देश्य बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक करना है, ताकि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं और




अपने भविष्य तथा सुरक्षा के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार को भी इस विषय में सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गंगाराम कालमे, जगदीश बावरिया, अजय साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## रिसोर्ट में पाए गए वन्यप्राणी के अनाधिकृत अवयव, प्रकरण बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के वन परिक्षेत्र बागड़ा बफर अंतर्गत मढ़ई स्थित एक निजी रिसोर्ट की जांच के दौरान अमले को वन्य प्राणी के अनाधिकृत अवयव प्राप्त हुए हैं। मामले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा प्रकरण बनाया गया है। प्रकरण से संबंधित जानकारी हरिभूमि संवाददाता ने बुधवार शाम लगभग 8:30 बजे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े से प्राप्त की है। जिसमें खोबरागड़े ने बताया कि रिसोर्ट फोरसिथ की जांच की गई थी।



जिसमें वन्यप्राणी चीतल के एन्टलर अर्थात सींग चार नग, सेही के कांटे चार नग एवं सर्प की कांचली दो नग अनाधिकृत रूप से बिना किसी स्वीकृति के डिस्प्ले में रखी हुई पाई गई। एसटीआर असिस्टेंट डायरेक्टर आशीष खोबरागड़े के अनुसार यह कार्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। मामले में आशीष खोब्रागड़े के निर्देशन में उक्त वन्यप्राणियों के अवयवों को जप्तकर आपराधिक प्रकरण तैयार किया गया है। तथा मामले में विस्तृत जांच भी की जा रही है।

#### जांच जारी है

हमने फोरसिथ रिजॉर्ट से वन्य प्राणियों के अव्यय प्राप्त किए थे। तथा प्रकरण बनाया है। मामले की जांच अभी भी जारी है।
**आशीष खोबरागड़े,** असिस्टेंट डायरेक्टर, एसटीआर, नर्मदापुरम

## छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना के ने वीर योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि मंगलवार को नेहरू पार्क में मनाई। इस क्षत्रिय मराठा नव निर्माण सेना - के पदाधिकारी व सदस्यगण शहर के अन्य समाजसेवी शामिल हुए। सभी ने छत्रपति संभाजी महाराज के चित्र पर - श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उनका जन्म 14 मई सन 1657 ई में हुआ था। ये बचपन से ही अपने पिता शिवाजी के जैसे वीर योद्धा थे। संगठन के सदस्यों द्वारा वीर संभाजी महाराज के जयकारे लगाए। इस



अवसर पर भाजपा नर्मदापुर नगर मंत्री कमल राव चव्हाण,समाजसेवी सुशीला वाइसकर ,विकास आगौन प्रकाश मराठा,बसंत शिर्के,संतोष मराठा,संजय रायकवार,अनसुईया चव्हाण, पार्वती नाईक, पुष्पा, उज्वला चव्हाण, कांची,नमन आदि शामिल हुए।

### जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**नर्मदापुरम।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। इसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक को निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय मप्र कार्तिकेया गोयल, नेशनल ट्रेनर रामावतार पटेल तथा संयुक्त निदेशक एवं नेशनल ट्रेनर नमित यादव ने संबोधित किया। इस दौरान सीएमआईएमएस पोर्टल के माध्यम से कार्य करने तथा आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना, अपर कलेक्टर अनिल जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलें में आयोजित की जाने वाली आगामी प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) कार्यक्रमों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

### अचल संपत्तियों की गाइडलाइन दरों के प्रस्ताव आमजन के अवलोकन हेतु जारी

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य की दरों के निर्धारण के संबंध में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, वरिष्ठ जिला पंजीयक राजीव सोरते सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में समिति के सभी संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान अनुभाग स्तर पर गठित उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों एवं दरों पर विस्तृत चर्चा एवं विश्लेषण किया गया। विचार-विमर्श के उपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्राप्त प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026-27 के लिए अचल संपत्तियों की प्रस्तावित गाइडलाइन दरों को केन्द्रीय मूल्यांकन समिति भोपाल को भेजने से पूर्व आमजन के अवलोकन के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। इस संबंध में प्रस्तावों को जिला नर्मदापुरम के समस्त उप पंजीयक कार्यालयों तथा जिला पंजीयक कार्यालय में रखा गया है।

## आपदा प्रबंधनःआपदा से बचाव और जीवन रक्षक उपायों का बीच नर्मदा में दिया डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा समस्त तहसीलों में आमजनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आपदा से बचाव एवं जीवन रक्षक उपायों का डेमों इन दिनों दिया जा रहा है। बुधवार को सेठानीघाट पर डेमो रेस्क्यू ऑपरेशन चला, जिसमें पानी में डूब रहे व्यक्ति की जान कैसे बचाई जाए इसकी जानकारी दी गई। डूबते व्यक्ति को प्राथमिक उपचार, सीआरपी, जीवन रक्षक विधि आदि समझाया गया। यह ट्रेनिंग मुम्बई के ट्रेनर इच्छाशु वाजपेयी की टीम द्वारा दी जा रही है, जो दक्ष व कुशल तैराक है।

इसी क्रम में बुधवार को सेठानी घाट पर बाढ़ आपदा से निपटने और राहत कार्यों से जुड़ी तकनीकों पर आधारित कार्यशाला और तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को बाढ़ जैसी आपात परिस्थितियों में प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य करने की महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, ताकि प्रतिभागी वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर तरीके से कार्य कर सकें।



कलेक्टर सोनिया मीना और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा की उपस्थिति में दोपहर के समय सेठानी घाट पर मॉकड्रिल भी आयोजित की गई। इस दौरान प्लाटून कमांडेंट अमृता दीक्षित और शिवराज चौधरी ने आपदा मित्रों और सिविल डिफेंस के जवानों को कम लागत में लाइफ जैकेट तैयार करने का प्रायोगिक प्रदर्शन किया।

विशेषज्ञों ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की 6 से 8 खाली बोतलों या लोहे के दो पीपों को डंडे और रस्सी की मदद से बांधकर एक प्रभावी लाइफ जैकेट तैयार की जा सकती है। इसे शरीर से बांधकर पानी में उतरने पर व्यक्ति डूबने से बच सकता है। बाढ़ जैसी आपात स्थिति में यह सरल उपाय कई लोगों की जान बचाने में मददगार साबित हो सकता है।कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय अमले को किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रखना और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि आपदा के समय राहत कार्यों में समाज और स्वयंसेवकों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। वहीं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा ने कहा कि मॉकड्रिल के माध्यम से अलग-अलग टीमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है और उन्हें आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, तहसीलदार सरिता मालवीय, कोतवाली थाना प्रभारी कंचन सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कार्यक्रम का समापन कृष्णा देवी के गाए हुए शयन पद से हुआ....

## सत्संग अति दुर्लभ है और यही नवधा भक्ति में प्रथम भक्ति हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के तहत आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम में तीसरे दिन मानस कोकिला कृष्णा देवी मिश्रा ने कहा कि जब रावण द्वारा अपमानित होकर विभीषण भगवान की शरण में जाने को तैयार हो जाते हैं तब वह 6 भक्तों का स्मरण करते हैं अर्थात इस तरह वे भगवान से मानसिक संबंध रखने वाले अर्थात निरंतर प्रभु का ध्यान करने वाले भगवान शंकर, मां जानकी और भरत जी का स्मरण करते हैं। इसके साथ ही भगवान की कृपा का प्रत्यक्ष अनुभव करने वाले माता अहिल्या, दंडक वन एवं मारीच को भी वे याद करते हैं। इस तरह इन सभी के स्मरण से विभीषण जी प्रभु की शरणागति की ओर यात्रा प्रारंभ करते हैं। आपने कहा कि सत्संग अति दुर्लभ है और यही नवधा भक्ति में प्रथम भक्ति है। प्रथम भगति संतन कर संगा, यही एक मात्र ऐसी भक्ति है जिसमें कोई शर्त नहीं है, अर्थात किसी विशेष पात्रता की आवश्यकता नहीं होती है। हम सब भी विभीषण जी की तरह ही अपनी सामर्थ्य,




स्वभाव भूलकर संशय ग्रस्त हैं। श्री हनुमान जी जैसे सद्गुरु का सत्संग पाकर विभीषण की सामर्थ्यवान हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत में जब उद्धव जी गोपियों का सत्संग प्राप्त करते हैं तब वह भक्ति को सही रूप में पहचान पाते हैं। सत्संग से ही जीवन में विश्वास आता है। हमारी नजरे दोष नहीं गुण देखने लगती हैं। श्री हनुमान जी विभीषण को भरोसा देते हैं हम जैसे भी हैं भगवान हमें स्वीकार कर लेते हैं। विभीषण जी ऐसे साधु हैं जो आदर के समय भी हित की बात करते हैं और जब रावण चरन प्रहार करके उन्हें सभा से निकाल देता है तब भी वह रावण की हित की ही बात करते हैं। किंतु भक्त के अपमान को भगवान क्षमा नहीं करते। अंबरीश दुर्वासा प्रसंग में इसका उल्लेख आता है। इसी तरह जब रावण विभीषण का अपमान करता है तो तुलसीदास जी रावण के लिए अभागा शब्द का प्रयोग करते हैं। इस तरह विभीषण जी की शरणाग गति की यात्रा प्रारंभ हो जाती है और जब जीव भगवान की शरण में जाता है तो वही क्षण शुभ होता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में पंडित गिरिजा शंकर शर्मा पूर्व विधायक के साथ आशीष शर्मा , एल एल दुबे , ओ एन चौबे , बालकृष्ण शर्मा , रामभरोस महाते , अजय सैनी द्वारा कृष्णा देवी का स्वागत किया गया। भजनाजलि के गायिका निशा हरियाले द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई आपके साथ हारमोनियम पर श्रीराम परसाई एवं तबले पर आनंद नामदेव द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम का समापन कृष्णा देवी के गाए हुए शयन पद से हुआ।

## खबर संक्षेप

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

बैतूल। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कढ़ाई में निर्माणाधीन जेल के पास जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान हर्रावाड़ी निवासी सुनील उर्फ अपाचे (लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब पांच साल से कढ़ाई क्षेत्र में अपने ससुराल में रह रहा था और किशन यादव के भ_ पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। परिजनों और स्थानीय लोगों ने बताया कि सुनील शराब पीने का आदी था। उसकी पत्नी लगभग तीन साल पहले उसे छोडक़र चली गई थी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात भी वह शराब के नशे में था और घर में हंगामा कर रहा था। इसके बाद वह सो गया था। सुबह उसका शव निर्माणाधीन जेल के पास जंगल में एक पेड़ पर गमछे के सहारे लटका हुआ पाया गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल, पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों के किया सुपुर्द

बैतूल। नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुलताई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सकुशल दस्तयाब किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को फरियादिया ने थाना मुलताई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 6 मार्च को सुबह लगभग 10 बजे उसकी नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा लगातार तलाश की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सूचना के आधार पर 10 मार्च को ग्राम प्रभात पट्टन क्षेत्र से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद कल आएंगे आमला

बैतूल। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज कल शुक्रवार को आमला आएंगे। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं उत्साह है। इस संबंध में रवि राठौर ने बताया कि स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज सुबह 5 बजे आमला नगर पहुंचेंगे। यहां भक्तों द्वारा पादुका पूजन एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर करीब 1 बजे ग्राम नांदपुर पहुंचेंगे।

### चार बालिकाओं का उत्कृष्ट और मॉडल स्कूल में हुआ चयन



बैतूल। आदिवासी आनंद ग्राम सिमोरी में प्रथम आओ तिरंगा फहराने का गौरव पाओ योजना से प्रेरित होकर चार बालिकाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और लगन के दम पर भावना कुमरे और करिश्मा धुर्वे का जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के लिए चयन हुआ है, वहीं साक्षी नागले और वैशाली उइके का मॉडल स्कूल में चयन हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र की इन बालिकाओं ने कठिन परिस्थितियों में लगातार पढ़ाई करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कहा भी जाता है कि प्रतिभाएं साधनों की मोहताज नहीं होतीं और सीमित संसाधनों में भी बड़ा लक्ष्य मेहनत और लगन से प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम आओ तिरंगा फहराने का गौरव पाओ योजना से मिली प्रेरणा और प्रोत्साहन ने इन बालिकाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दी, जिसका परिणाम अब चयन के रूप में सामने आया है। चयन के बाद अब आगामी गणतंत्र दिवस पर इन बालिकाओं को अपने ग्राम में तिरंगा फहराने का गौरव प्राप्त होगा।

## 120 रुपए प्रतिमाह जलकर, फिर भी नहीं चुका रहे लोग

# नपा राजस्व वसूली को लेकर गंभीर नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को अब महज कुछ ही दिन शेष है, लेकिन करों की वसूली को लेकर नगरपालिका के राजस्व अमले की रफ्तार धीमी है। यहां तक की लोगों ने जलकर तक जमा नहीं किया है। लोगों पर जलकर का करीब 2 करोड़ 47 लाख , 84 हजार 522 रुपये बकाया है, जबकि नगरपालिका ने मात्र 1 करोड़ 15 लाख 99 हजार 98 रुपये ही वसूल किया है।

दरअसल नगरपालिका के रिकार्डो में 13500 लोगों ने नल कनेक्शन ले रखे है। जिनसे नगरपालिका जलकर के रूप में 120 रुपये आवासीय और 600 रुपये प्रतिमाह टैक्स लेती है। लेकिन लोग जलकर का टैक्स समय पर जमा नहीं कर रहे है। नगरपालिका का राजस्व अमला भी करों की वसूली के लिए सख्त नहीं है। जलकर का भुगतान न करने वालों के नल कनेक्शन काटे जा रहे है और न ही सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिससे लोग भी जलकर भुगतान को लेकर लापरवाह बने हुए है। यहीं वजह है कि नगरपालिका आर्थिक संकट से जूझ रही है। जिसका असर शहर के विकास पर पड़ रहा है।




### अन्य कामों से पिछड़ रहा वसूली का काम

बताया जा रहा है कि राजस्व अमले के पीछे राजस्व वसूली के अलावा कई अन्य काम भी सौंपे जा रहे हैं। इस वजह राजस्व वसूली का काम पिछड़ते आ रहा है। दरअसल राजस्व अमले को वसूली के काम के अलावा फिलहाल जनगणना के तहत मकानों के सूचीकरण का कार्य सौंपा है। इसके पहले नपा के सहायक राजस्व निरीक्षक एसआईआर सर्वे में लगे थे। साथ ही शहर से अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाती है। यह काम भी वर्ष भर चलते रहता है। यही कारण है कि राजस्व वसूली की रफ्तार पिछड़ जाती है। राजस्व निरीक्षकों के पीछे अधिक काम होने से राजस्व वसूली पिछड़ रही है।

### जलकर का 31 फीसदी ही वसूल पाई नपा

*नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 13500 नल कनेक्शन है। नल कनेक्शनधारियों से नगरपालिका प्रतिमाह 120 रुपये आवासीय और 600 रुपये व्यावसायिक जलकर के रूप में टैक्स लेती है। नपा सूत्रों की माने तो नगरपालिका को जलकर के ही कुल 3 करोड़ 63 लाख, 83 हजार 621 रुपये की वसूली करना है, जिसमें से नपा राजस्व विभाग ने अब तक मात्र 31 88 फीसदी यानि 1 करोड़ 15 लाख 99 हजार 98 रुपये की वसूली की है। अभी नगरपालिका को कुल 2 करोड 47 लाख 84 हजार 522 रुपये की राशि वसूलना बाकी है।*

### लक्ष्य रखा है

*राजस्व वसूली वर्षभर चलती है। फरवरी और मार्च माह में लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया जाता है। अभी 14 मार्च को लोक अदालत का आयोजन है, जिसमें राजस्व प्रकरण रखकर अधिक से अधिक वसूली का लक्ष्य रखा गया है।*

*- **ब्रजगोपाल परते**, वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक, नपा बैतूल*

## राजस्व अमला भी अलर्ट नहीं, कैसे होगी लक्ष्य की पूर्ति

नपा के पास राजस्व अमले की टीम मौजूद है। यह टीम विभिन्न टैक्स की वसूली के लिए काम करती है, लेकिन वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम दो माह में राजस्व वसूली में तेजी लाती है। इसी वजह शत प्रतिशत वसूली का काम हमेशा पिछड़ जाता है। भले ही राजस्व अमले को वित्तीय वर्ष समाप्ति के पहले शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य दिया, लेकिन राजस्व अमला चाहकर भी लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रहा है। यही वजह है कि वसूली की रफ्तार अक्सर 70 से 80 प्रतिशत ही हो पाती है। जिसका असर नगरपालिका की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है।

### संपत्ति कर की 50 फीसदी से अधिक वसूली

संपत्ति कर की वसूली को लेकर नगरपालिका के राजस्व विभाग की स्थिति थोड़ी ठीक है। राजस्व विभाग द्वारा संपत्ति कर की 50 फीसदी से अधिक वसूल कर ली है। बताया गया कि नगरपालिका क्षेत्र में 20665 मकान है, जिनसे नपा संपत्ति कर वसूलती है। संपत्ति कर का नगरपालिका करीब 58.79 फीसदी ही टैक्स वसूली कर ली है। अभी तक नगरपालिका के राजस्व अमले ने 2 करोड़ 40 लाख 35 हजार 644 रुपये वसूल कर लिये है। अभी भी नपा को संपत्ति कर का शत प्रतिशत वसूल करने के लिए 41 फीसदी यानि 1,68,47,796 रुपये वसूली करना बाकी है। नपा की कर वसूली की रफ्तार इसी तरह रही तो शायद ही नगरपालिका संपत्ति कर की शत-प्रतिशत वसूली कर पायेगी।

# महिला बाल विकास ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



महिला बाल विकास द्वारा विजय भवन नगर परिषद शाहपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फिट इंडिया मूवमेंट वीक अंतर्गत स्वास्थ्य फिटनेस सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सक्रिय सहभागिता के लिए एवं सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विक्की रोहित नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीतू गुप्ता, दीपिका जैन, सरोज परते, स्नेहा यादव, शिक्षिका दीपना जगताप शाहपुर, माधवी घरसर, ज्योति बनवारी, सुनीता किग्राहे, मनीषा खातरकर, ब्लाक समन्वयक सुभाष पाटिल सहित बडी संख्या में स्थनीय महिलायें उपस्थित रही।

## एक माह तक चलेगा शिविर

# जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में निशुल्क पंचकर्म शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी और आयुष विंग मुख्य जिला चिकित्सालय बैतूल में बुधवार 11 मार्च से निशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें नगर पालिका बैतूल के सभापति राजेश पानकर और देशबंधु वार्ड की पार्षद वर्षा बारस्कर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि यह शिविर लगातार एक माह तक संचालित किया जाएगा। इसके लिए शहर में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक नगरवासी इसका लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि शिविर में वात विकार, जोड़ों के दर्द, त्वचा संबंधी रोग और पेट से जुड़ी बीमारियों का पंचकर्म पद्धति से निशुल्क उपचार किया जाएगा। आयुष विभाग ने सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं।

## 4 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण किया प्रदान

# जिला स्तरीय रोजगार मेले में 37 अभ्यर्थियों का किया चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर बैतूल में किया गया।

रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर आईएमसी उपाध्यक्ष आनंद प्रजापति, सदस्य सतीश बडोनिया, सदस्य जवाहर शुक्ला, सदस्य अम्बेस बलुवापुरी, सदस्य वसंत बाबा माकोडे, सदस्य अतीत पंवार, जिला रोजगार अधिकारी, डॉ.श्याम कुमार धुर्वे, प्राचार्य आईटीआई बैतूल तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 125 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। इस दौरान 10 निजी कंपनियों के द्वारा 37 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन कर लेटर ऑफ इंटेंट प्रदाय किये गए। जिला रोजगार कार्यालय के द्वारा 125 विद्यार्थियों को कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं स्वरोजगार विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा 4 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिये ऋण प्रदान किया गया। रोजगार मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर 55 अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 20 सिकलसेल, शुगर-24, ब्लड टेस्ट-24, ओरल टेस्ट-12 बीपी-55, बीएमआई के 55 मरीजों की जांच की गई।

# नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना बैतूल बाजार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर ले गया है। मामले की गंभीरता से लेते हुए थाना बैतूल बाजार में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये तत्काल थाना प्रभारी द्वारा टीम लेकर संभावित स्थानो पर नाबालिग बालिका की तलाश की गई जो उसी दिन ससुन्द्रा जोड हाईवे से नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया। बालिका द्वारा बताया गया कि उसे उमनपेठ निवासी ओमप्रकाष धुर्वे बहला-फुसलाकर ले गया था। जिसने उसके साथ दुष्कर्म भी किया। पुलिस ने नाबालिग के बयान पर प्रकरण में धारा इजाफा किया। घटना दिनांक से ही आरोपी ओमप्रकाश धुर्वे निवासी उमनपेठ की तलाश जारी थी। 10 मार्च को सुबह 8.00 बजे मुखबिर सूचना मिली की आरोपी उसके घर ग्राम



उमनपेठ आया है। पुलिस ने बिना समय गवायें तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे, उपनिरीक्षक रश्मि ठाकुर, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, महिला आरक्षक अंकिता शर्मा, आरक्षक माखनपाल थाना बैतूल बाजार, प्रधान आरक्षक राजकुमार, आरक्षक विनोद साहू सैनिक मुंशीलाल थाना साईखेड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शाहपुर ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में वन अधिसूचना से बढ़ी चिंता

# ढोढरामोहार समेत कई गांवों की जमीन आरक्षित वन में शामिल करने की प्रक्रिया, ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

तहसील शाहपुर क्षेत्र में वन विभाग द्वारा आरक्षित वन घोषित करने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद ग्रामीणों में चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। वन विभाग की उद्घोषणा के अनुसार ग्राम ढोढरामोहार उर्फ भौंरा की 33.05 हेक्टेयर भूमि को प्रस्तावित आरक्षित वन क्षेत्र में शामिल करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत कुंडी के ग्राम बांकाखोदरी की करीब 40 हेक्टेयर भूमि भी इस प्रक्रिया की जद में आ रही है, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका और पारंपरिक उपयोग प्रभावित होने की आशंका है।

वन परिसर भौंरा से जारी उद्घोषणा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा-6 के तहत 22 जनवरी 2026 को जारी की गई है। इसके तहत ग्राम ढोढरामोहार के पुराने खसरा नंबर 1, 11, 12 और 13 की कुल 33.05 हेक्टेयर भूमि को प्रस्तावित आरक्षित वन घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग ने संबंधित ग्रामीणों और हितधारकों को तीन माह के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया है। हालांकि इस घोषणा के सामने आने के बाद क्षेत्र के कई ग्रामीणों ने इसका विरोध जताना शुरू कर दिया है। ग्रामीण बसंत भलावी, शिवपाल धुर्वे, छोटेलाल परते, मनीराम परते, ग्राम पंचायत कुंडी के उपसरपंच नत्थूलाल इवने तथा देवराज धुर्वे सहित कई लोगों का कहना है कि प्रस्तावित आरक्षित वन की सीमा में आने वाली भूमि पर वर्षों से ग्रामीणों की निर्भरता है। खेती, चराई और अन्य पारंपरिक गतिविधियों के कारण यह जमीन उनके जीवन-यापन का आधार बनी हुई है। ऐसे में यदि भूमि आरक्षित वन में शामिल की जाती है तो ग्रामीणों की आजीविका पर गंभीर असर पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना व्यापक चर्चा और स्थानीय स्तर पर पूरी जानकारी दिए इस तरह की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों में असमंजस की स्थिति बन गई है। उनका आरोप है कि कई परिवारों की जमीन और उपयोग में आने वाले क्षेत्र को आरक्षित वन में शामिल किए जाने की आशंका से लोग चिंतित हैं। इसी मुद्दे को लेकर आदिवासी संगठन जयस भी सक्रिय हो गया है। जयस द्वारा 11 मार्च को बैतूल में महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले भर के सैकड़ों गांवों से लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। सम्मेलन में शासन द्वारा प्रस्तावित वन अधिसूचना और भूमि अधिग्रहण के विरोध में सामूहिक रूप से आपत्तियां दर्ज कराने की रणनीति बनाई जा रही है। जयस के संरक्षक राजा धुर्वे ने बताया कि आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन को आरक्षित वन घोषित करने की प्रक्रिया से लोगों में असंतोष है। उनका कहना है कि जिन जमीनों पर वर्षों से ग्रामीणों का पारंपरिक उपयोग रहा है, उन्हें बिना सहमति और पर्याप्त जानकारी के वन क्षेत्र में शामिल करना उचित नहीं है। इसलिए संगठन इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों की आवाज उठाएगा और शासन के समक्ष आपत्तियां दर्ज कराएगा। फिलहाल वन विभाग की ओर से जारी उद्घोषणा के अनुसार संबंधित व्यक्ति या ग्रामीण निर्धारित अवधि के भीतर अपने अधिकार, दावे या आपत्तियां प्रमाण सहित वन व्यवस्थापन अधिकारी, वन परिसर भौंरा के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

## बंद पड़ी नल-जल योजना से घोघरा में पेयजल संकट

# चार साल से अटकी योजना, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के ग्राम घोघरा में सरकार की महत्वपूर्ण नल जल योजना पिछले चार साल से शुरू नहीं हो सकी है। ठेकेदार और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को आज तक शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल पाया है। जबकि सरकार की यह प्रमुख योजना हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी और जिला प्रशासन भी इसकी समय-समय पर समीक्षा कर सख्त निर्देश देता रहा है, इसके बावजूद जमीनी स्तर पर योजना ठप पड़ी हुई है।

ग्रामीणों और ग्राम पंचायत द्वारा कई बार ठेकेदार से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार अलग-अलग बहाने बनाकर काम टाल दिया गया। कभी बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन चालू नहीं किए जाने का हवाला दिया जाता है तो कभी अन्य कारण बताकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों को गुमराह किया जाता है। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। ग्राम घोघरा की स्थिति यह है कि योजना के तहत बोर में ट्यूबवेल डाला जा चुका है, पाइपलाइन का कार्य भी पूरा हो चुका है और संपवेल भी बनकर तैयार है, इसके बावजूद आज तक योजना चालू नहीं की गई। परिणामस्वरूप गांव के लोगों को मजबूरी में कूआ, बावड़ी और नदी जैसे स्त्रोतों से पानी पीना पड़ रहा



है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव में पेयजल की समस्या और गंभीर हो गई है। कई ग्रामीण अपने निजी साधनों से ताप्ती नदी से पानी लाकर घर की जरूरतें पूरी कर रहे हैं। ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के सरपंच रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि उन्होंने कई बार ठेकेदार को फोन कर योजना चालू करने के लिए कहा, लेकिन हर बार एक-दो दिन में चालू करने का आश्वासन देकर बात टाल दी जाती है। सरपंच द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से भी संपर्क किया गया, लेकिन वहां भी ठेकेदार का हवाला देकर या बिजली कंपनी से परमिट और आदेश नहीं मिलने की बात कहकर मामला टाल दिया जाता है। इस स्थिति से साफ है कि कहीं न कहीं सरकार के आदेशों की अनदेखी की जा रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## दो अतिरिक्त फ्रीजर बढ़ जाएंगे, छह शव रखे जा सकेंगे

# खस्ताहाल 20 साल पुराने मर्चुरी की जगह बनेगा नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में जल्द ही एक आधुनिक मर्चुरी भवन बनाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक हेमंत खंडेलवाल ने खस्ताहाल मर्चुरी को देखकर नए भवन बनाने के निर्देश दिए। बता दें अस्पताल परिसर में मौजूदा मर्चुरी भवन करीब 20 साल पुराना है और अब जर्जर हालत में है। दीवारों का प्लास्टर झड़ रहा है और कई जगह दरारें भी आ गई हैं। इसके कारण यहां काम करने वाले कर्मचारियों और शव लेकर आने वाले परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अस्पताल में फिलहाल दो फ्रीजर उपलब्ध हैं, जिनमें कुल चार शव रखने की क्षमता है। जबकि जिला अस्पताल में हर महीने औसतन करीब 50 पोस्टमार्टम किए जाते हैं। कई बार एक ही दिन में पांच से छह पोस्टमार्टम तक हो जाते हैं, जिससे शवों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में प्रस्तावित नई मर्चुरी में मौजूदा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। वर्तमान दो



फ्रीजर के अलावा एक और बड़ा फ्रीजर लगाया जाएगा, जिससे कुल दो अतिरिक्त फ्रीजर बढ़ जाएंगे और शव रखने की क्षमता बढक़र छह तक हो जाएगी। नई मर्चुरी में शवों के संरक्षण के लिए बेहतर कोल्ड स्टोरेज, सुरक्षित पोस्टमार्टम कक्ष और कर्मचारियों के लिए आधुनिक कार्यस्थल की व्यवस्था भी की जाएगी। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित मर्चुरी भवन वर्तमान भवन के पास खाली पड़ी जमीन पर बनाया जा सकता है। इससे डॉक्टरों और फॉरेंसिक टीम को पोस्टमार्टम कार्य में सुविधा होगी। नई व्यवस्था लागू होने से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगी, साथ ही शवों के संरक्षण की बेहतर व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। बताया जा रहा है कि प्रस्तावित मर्चुरी भवन की लागत लगभग 40 लाख रूपये आएगी। फिलहाल इसका आंकलन किया जा रहा है। जिसका जल्द ही स्टीमेट बनाया जाएगा। इसके। लिए विधायक अपनी निधि से आवश्यक राशि उपलब्ध कराएंगे जबकि शेष राशि रोगी कल्याण समिति मद से खर्च होगी।

**विभाग को पत्र भेजा है**

मर्चुरी के एस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है और लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को पत्र भेजा गया है। इस प्रस्ताव को साधारण सभा की बैठक में भी रखा जाएगा। निर्माण के लिए राशि रोगी कल्याण समिति और विधायक निधि से उपलब्ध कराई जाएगी।

-**डॉ. जगदीश घोरे**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल

## खबर संक्षेप

### डॉ. कनेश का संभाग स्तरीय स्पर्धा में चयन



**माखननगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2025–26 के अंतर्गत शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में अधिकारी-कर्मचारी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय, माखननगर के सहायक प्राध्यापक डॉ. आई.एस. कनेश ने बैडमिंटन और शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान सुरक्षित किया। क्रीड़ाधिकारी डॉ. राजकुमार पटवा के अनुसार संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 13 व 14 मार्च को शासकीय गृह विज्ञान महिला महाविद्यालय में होगी।

### कृषि मंडी में शनिवार को भी होगी नीलामी

**इटारसी।** रबी सीजन के दौरान किसानों की बढ़ती आवक और उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी समिति, इटारसी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। 14 मार्च शनिवार को मंडी प्रांगण में नीलामी कार्य सामान्य दिनों की तरह चालू रहेगा। आमतौर पर माह के द्वितीय शनिवार को अवकाश रहता है, लेकिन वर्तमान में रबी की फसलों की कटाई और मंडी में उपज की बिक्री के दबाव को देखते हुए मंडी सचिव ने यह आदेश जारी किया है। बुधवार, 11 मार्च को मंडी कार्यालय में अनुज्ञप्ति धारी व्यापारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की थी, जिसमें सर्वसम्मति से शनिवार को मंडी खुली रखने का फैसला लिया।

### जनगणना 2027 के लिए मकान नंबरिंग कार्य जारी

**इटारसी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर पालिका इटारसी के वार्ड क्रमांक 1 से 34 तक प्रत्येक मकान की नंबरिंग का कार्य किया जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मकानों पर लाल पेंट से नंबर अंकित किए जा रहे हैं और संबंधित जानकारी निर्धारित पंजी में दर्ज की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी ने कार्य का निरीक्षण कर कर्मचारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों से जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील की गई।

### नर्मदा जल वितरण की बाधा से परेशान नागरिक, मचा हाहाकार

# बोरिंग वाले घरों से पीने का पानी मांगने के लिए मजबूर सोहागपुर शहर की जनता

सोहागपुर में दो दिन से नर्मदा जल आपूर्ति बंद होने से शहर में पेयजल संकट गहरा गया है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में दो दिन से नर्मदा जल वितरण बंद है। जिसके कारण नागरिकों में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। वहीं नप सीएमओ ने जल वितरण कंपनी को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। नागरिकों के अनुसार शहर में दो दिन से नर्मदा जल वितरण बंद है। और लंबे अरसे से नगर पालिका के नल भी बंद पड़े हैं। जिससे नागरिक परेशान हैं। नागरिकों को ना तो नप के नलों से पेयजल मिल पा रहा है और ना ही नर्मदा जल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति हो पा रही है। नागरिकों का कहना है कि अपनी समस्या में किससे कहें। क्योंकि जिनके घरों में बोर हैं, वे तो पानी प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन जो लोग मात्र शासकीय नल से पेयजल प्राप्ति व्यवस्था पर निर्भर हैं, उन्हें बहुत अधिक परेशानी हो रही है। मजबूरी में नागरिकों को पड़ोसियों से तथा आसपास से पानी मांगना पड़ा रहा है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि द्वारा उक्त समस्या के संबंध में मंगलवार को समाचार भी प्रकाशित किया गया है।

#### सीएमओ ने लिखा पत्र

मामले में नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने 10 मार्च 2026 को पत्र क्रमांक 198 जारी किया है। यह पत्र परियोजना प्रबंधक परियोजना क्रियान्वयन इकाई नर्मदापुरम मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के नाम प्रेषित है। पत्र में सीएमओ ने उल्लेख किया है कि सोहागपुर शहर अंतर्गत नर्मदा जल योजना के पेयजल की सप्लाई 10 मार्च 2026 की सुबह से बंद है। जिसके कारण निकाय अंतर्गत सभी वार्डों में पेयजल की समस्या हो रही है। मामले में नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने उल्लेख किया है कि समय-समय पर कंपनी द्वारा बिना किसी सूचना के नर्मदा जल की सप्लाई भी बंद कर दी जाती है। जिसके संबंध में समस्त वार्डों से पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा दूरभाष द्वारा बार-बार शिकायतें की जा रही हैं। सीएमओ ने तत्काल समस्या निराकरण की सुनिश्चितता का उल्लेख पत्र में किया है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर शहर में सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नागपुर के द्वारा नर्मदा जल का वितरण किया जाता है।

## सर्व आदिवासी समाज ने लिया निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग को 'बड़ादेव' मानकर पारंपरिक साज-बाज, ढोलक और टिमकी के साथ महाआरती संपन्न की गई। प्रत्येक रविवार को होने वाली इस महाआरती के पश्चात आदिवासी संगठन के सदस्यों ने समाज के गरीब परिवारों की सहायता हेतु विशेष बैठक आयोजित की।

बैठक में प्रतिवर्ष होने वाले निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समिति सदस्य सम्मिलित हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष 29 अप्रैल को भव्य विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 26 से 28 अप्रैल तक 'भूमका प्रशिक्षण' कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशिक्षित भूमका समिति के सदस्यों द्वारा ही विवाह की रस्में पूर्ण कराई जाएंगी। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह मात्र एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि सगा समाज, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से एक बेटी का विवाह परिवार के रूप में मिलकर संपन्न करने का प्रयास है। लक्ष्य यह है कि सामूहिक विवाह का अनुभव बिल्कुल घर जैसा आत्मीय हो। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर एवं जिला नर्मदापुरम के समस्त सामाजिक संगठनों ने क्षेत्रवासियों से इस पुनीत कार्य में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है।

## मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, लाखों रुपये का मशरूका बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन, मोटरसाइकिलें तथा अन्य मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बनाडा निवासी फरियादी शीशराम जाट ने थाना शिवपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29–30 दिसंबर 2025 की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति ने उसके खेत स्थित गोदाम का ताला तोड़कर लगभग 25 क्विंटल मक्का, एक माइक्रोटेक कंपनी का इन्वर्टर तथा एक ट्यूबलर बैटरी चोरी कर ली थी। चोरी गए मशरूका की कुल कीमत लगभग 64 हजार 500 रुपये बताई गई थी। इस संबंध में थाना शिवपुर में अपराध क्रमांक 02/2026 धारा 331(4) व



305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धावड़ाघाट निवासी मोनू पारधी मोबाइल बेचने की फिराक में ओझा बस्ती के पीछे मंडी क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर मोनू पारधी को पकड़ लिया। उसके पास बिना नंबर प्लेट की एक प्लेटिना मोटरसाइकिल तथा तलाशी के दौरान जैकेट की जेब से चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने 7–8 मार्च 2026 की दरमियानी रात दगड़खेड़ी के पास खेतों में बने टप्परों से चार अलग-अलग मोबाइल फोन तथा एक प्लेटिना मोटरसाइकिल चोरी की थी। पकड़े जाने के डर से उसने मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट और मोबाइल की सिम रास्ते में तोड़कर फेंक दी थी। आरोपी ने यह भी बताया कि उसने इससे पहले बारंगा गांव थाना छिपावड़ क्षेत्र से एक प्लेटिना मोटरसाइकिल तथा इटारसी बाजार क्षेत्र से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी चोरी की थी, जिन्हें बाद में अलग-अलग स्थानों पर छोड़ दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ग्राम बनाडा स्थित खेत के गोदाम से 25 क्विंटल मक्का, इन्वर्टर और बैटरी चोरी करने की घटना भी स्वीकार की। आरोपी द्वारा चोरी की गई मक्का को उसके धावड़ाघाट स्थित टपरे से पुलिस ने विधिवत जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन मोटरसाइकिल, चार मोबाइल फोन सहित कुल लगभग 3 लाख 28 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ अलग-अलग प्रकरणों में धारा 35(1) (ड), 106 बीएनएसएस तथा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक यादव, एएसआई अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक सुनील मरकाम, प्रधान आरक्षक विशाल भदौरिया, आरक्षक ओमप्रकाश जाट, पवन तिवारी, शिवम जोशी, महिला आरक्षक प्रीति चौहान तथा चालक आरक्षक विष्णु सनकत की विशेष भूमिका रही।

## सोहागपुर मित्र संघ समिति ने किया क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर मित्र संघ समिति सोहागपुर के माध्यम से एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का कार्यक्रम ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम बोदी में आयोजित किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र पटेल, सन्देश मिश्रा, शरीफ खान, ललित मौर्य ने जानकारी दी। प्रशिक्षण में सेक्टर क्रमांक एक से सभी समितियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें हरिओम आम्रवंशी, जगदीश रघुवंशी, बलवंत वर्मा, सचिन यादव, कमलेश कुशवाहा, नगर समिति सदस्य पूजा वर्मा, रेशमा सिंह ने सहभागिता की।

गजेंद्र ठाकुर ने सामाजिक गतिविधि को लेकर समझाइश दी



एवं जन अभियान परिषद की प्रकल्पना व समिति के दायित्व बताए।

ब्लाक सम्वयक किशोर कड़ोले ने प्रशिक्षण दिया। उसके बाद समिति सदस्यों द्वारा ग्राम स्तर पर किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। तथा बताया गया कि 19 मार्च 2026 से प्रदेश स्तरीय जल संवर्धन विषय की गतिविधियां आयोजित करनी हैं। प्रशिक्षण में नवांकुर सखियों ने भी सहभागिता की, जिनमें रिंकी परते, ज्योति धुर्वे, राधा कुशवाहा, संगीता कुशवाहा, मधु कुशवाहा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में नव अंकुर सखियों को पौधारोपण के लिए नर्सरी में तैयार पौधे वितरित किए गए। अंत में सोहागपुर मित्र संघ समिति अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## 24 साल बाद रिकॉर्ड से गायब हुआ आवासीय प्लॉट

**आवेदक तीन साल से लगा रहा न्याय की गुहार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया क्षेत्र की पिपरिया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हथवास में राजस्व विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। जनसुनवाई में सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी विष्णु रघुवंशी ने आवेदन देकर बताया कि राजस्व अभिलेख के बी-1 रिकॉर्ड से एक नाम हटा दिया गया है।

आवेदक सियाराम पिता दिलीप सिंह के नाम से मेहलका नंबर 20 के खसरा 362/11 में 1750 वर्गफीट का आवासीय प्लॉट दर्ज था, जो 24 वर्ष बाद रिकॉर्ड से विलोपित हो गया। आवेदक ने आरोप लगाया कि राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी कर नाम हटाया गया है।

उन्होंने बताया कि मामले में कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को 17 आवेदन और सीएम हेल्पलाइन पर 16 शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन तीन साल से समाधान नहीं हुआ। इस संबंध में एसडीएम आकिब खान, तहसीलदार वैभव बैरागी और नायब तहसीलदार नीरज बैंस ने कहा कि मामले की जांच कर आवश्यक सुधार किया जाएगा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लोहारिया-बड़ोदिया सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्षेत्र में विकास के दावों की पोल एक बार फिर खुल गई है। लोक निर्माण विभाग ने लोहारिया से बड़ोदिया के बीच बनाई सड़क महज एक साल के भीतर ही दम तोड़ चुकी है। आलम यह है कि सड़क पर अब सीमेंट की परत हटने से गिट्टियां ज्यादा नजर आ रही हैं, जिससे यह मार्ग राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। मात्र करीब एक वर्ष पहले बनी इस सड़क की ऊपरी सतह पूरी तरह उखड़ चुकी है। चारों तरफ बिखरी नुकीली गिट्टियां दोपहिया वाहनों के लिए मौत का जाल साबित हो रही



हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर फिसलन और उछलती गिट्टियों के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। रात के समय इस मार्ग पर चलना किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। लगभग एक साल के भीतर सड़क का इस तरह जर्जर होना निर्माण कार्य में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क एक साल पहले बनी थी और अब इसकी हालत देखिए। क्या अधिकारियों ने इसकी जांच की थी? हमारी जान जोखिम में डालकर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया है। इलाके के लोगों ने मांग की है कि संबंधित ठेकेदार और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, गारंटी पीरियड के तहत इस सड़क का तुरंत पुनर्निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को इस नारकीय सफर से राहत मिल सके।

## रसोई गैस सिलेंडर का संकट बढ़ा प्रधानमंत्री ने बुलेटिन पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 60 रुपये बढ़ा दी गई है। अब सिंगल सिलेंडर उपभोक्ताओं को लगभग 25 दिन में मिलेगा। निधि गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग पर टंकी 21 दिन में उपलब्ध होगी। पहले माह में दो सिलेंडर मिलते थे, अब डेढ़ माह में दो सिलेंडर ही मिलेंगे। गैस की बढ़ी कीमत से किचन बजट पर असर पड़ा है। निधि पति अवधेश साहु ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने वायसी नहीं कराई, उनके खाते बंद हो गए हैं। जिनका वायसी बाकी है, वे इसे जल्द पूरा कर लें।




### 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक लाख रुपए का अर्थदण्ड

**नर्मदापुरम।** विशेष न्यायाधीश नर्मदापुरम के न्यायालय द्वारा आरोपी अरूण पारे पिता दूलीचंद पारे, उम्र-45 वर्ष, निवासी बाजपेयी नगर भोपाल को धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,00,000/- रूपये अर्थदंड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक एडीपीएस एक्ट अधिकारी अरूण कुमार पठारिया ने बताया कि दिनांक 25.03.2024 को सहायक उप निरीक्षक को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की रेलवे माईक्रो ऑफिस के पास दुर्गा मंदिर तिराहा के आगे, पुरानी खंडहर ऑफिसर कॉलोनी में मकान नम्बर आर.बी. 439 में एक व्यक्ति दुबला पतला सा जिसने चैक्स की शर्ट एवं काले कलर की जींस पहने हुए है। जिसके पास एक नीले रंग का बैग तथा एक कत्थाई रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ है, मकान के पीछे की तरफ 02:00 घटें से छीप कर बैठा है।

### नर्मदापुरम संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम घोषित

# डॉ. सत्य प्रकाश और दीपाली ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाया। एन.ई.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में जिले भर के महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

#### कड़े मुकाबले और नॉक-आउट राउंड

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विभिन्न कॉलेजों के 15 खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। प्रतियोगिता नॉक-आउट पद्धति के आधार पर खेली गई, जिसमें हारने वाली टीम सीधे बाहर हो गई।




#### अगला पड़ाव: संभाग स्तरीय प्रतियोगिता

जिला स्तर पर चयनित ये सभी खिलाड़ी अब 13 और 14 मार्च को शासकीय गृह विज्ञान (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। पचमढ़ी महाविद्यालय के स्टाफ और खेल प्रेमियों ने विजेताओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए अगले राउंड के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

#### विजेताओं की सूची

प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर संभाग स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं।

**पुरुष वर्ग:** राजा भभूत सिंह कॉलेज पचमढ़ी के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। उनके साथ ही डॉ. धर्मेंद्र सिंह (क्रीड़ा अधिकारी), श्री हेमंत चौरे और नरोत्तम चौहान ने भी अपने प्रदर्शन के दम पर संभाग स्तरीय टीम में जगह बनाई।

**महिला वर्ग:** महिला वर्ग में दीपाली जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हर्षा शर्मा ने भी शानदार खेल दिखाते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल की।

### नर्मदा में 3.8 किमी तैराकी कर आयरनमैन डॉ. जायसवाल का सम्मान



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांडिया में मां नर्मदा नदी में 3.8 किमी तैराकी करने पर आयरनमैन डॉ. राजेंद्र जायसवाल (सिविल इंजीनियर) का सम्मान किया गया। जय माता दी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनका स्वागत किया गया। डॉ. जायसवाल अब तक 1500 से अधिक मोटिवेशनल टॉक और प्रशिक्षण दे चुके हैं। उन्होंने हैदराबाद, बैंगलुरु और मुंबई की मैराथन में भाग लेकर पदक जीते हैं तथा 200–300 किमी साइक्लिंग भी पूरी की है। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की और तिरंगा लेकर 81.5 किमी दौड़ लगाई। 19 अक्टूबर 2025 को फुल आयरनमैन का खिताब जीतकर उन्होंने क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया।

## किसान खेत पाठशाला में नरवाई न जलाने की दी सलाह




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

विकासखंड माखननगर के विभिन्न ग्रामों में बुधवार से 'किसान खेत पाठशाला' का आयोजन शुरू किया गया। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नरवाई प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पाठशाला में कृषि विस्तार अधिकारियों ने किसानों से गेहूं की कटाई के बाद बचने वाली नरवाई को न जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी कठोर होती जाती है और प्रदूषण के साथ आगजनी का खतरा भी बढ़ता है। इसके विकल्प के रूप में नरवाई को खेत में मिलाकर कार्बनिक खाद बढ़ाने की सलाह दी गई। साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन को देखते हुए फसल विविधीकरण पर जोर दिया गया। किसानों को परंपरागत मूंग के साथ मूंगफली और उड़द की बुवाई करने की सलाह दी गई।

## खबर संक्षेप

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**हरदा।** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 12 मार्च को आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सोनम वाजपेयी ने बताया कि यह बैठक शाम 4 बजे से होगी। बैठक में मूंग सिंचाई के लिये नहर में जल प्रवाह छोड़े जाने की तिथि तथा पानी की मांग के निर्धारण, मूंग सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां तथा फसल चक्र संबंधी सुझाव एवं सिंचाई के लिये विद्युत आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन आज

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला आज 12 मार्च को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी।

### नियमों का पालन शुरू शादी में नहीं बजा डीजे

**हरदा।** बुधवार को जिले के ग्राम झाड़बीड़ा में भंडारी परिवार में मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कन्हैया लाल गौर भण्डारी के सुपुत्र अमित गौर के विवाह में कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज के अधिवेशन में बनाए गए सभी नियमों का पालन किया गया। जिसके अंतर्गत परिवार द्वारा लिफाफे, डीजे और विनायकी को पूर्ण रूप से बंद रखा गया। इसके साथ ही सीमित ममीरा एवं महिलाओं ने भी तिलक लगाकर सम्मान किया। अन्य नियमों का पालन करते हुए आए हुए अतिथि मेहमानों का सिर्फ चंदन एवं कुमकुम लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परामर्श समिति से अध्यक्ष प्रदीप गौर, जिला संगठन अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद गौर, पूर्व जिलाध्यक्ष माखनलाल पटेल, नर्मदा प्रसाद गौर एवं जिला सचिव उमाशंकर गौर सहित सभी स्नेही मेहमान जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कन्हैया लाल भंडारी द्वारा 2100 रुपये कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज जिला हरदा को, 1101 रुपए ग्राम इकाई तथा 1101 रुपए गायत्री परिवार को भेंट किए।

### प्रधानमंत्री कल अंतरित करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त

**हरदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किश्त अंतरित करेंगे। इस अवसर जिले में ह्यपीएम किसान दिवसह्ण मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक डेहरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा तहसील एवं ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त दे सकेंगे।

### जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की

# रहटगांव, बड़झिरी, राजाबरारी, टेमरुबहार के अनुपस्थित पंचायत सचिव को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने मंगलवार को जनपद पंचायत टिमरनी के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने व्हीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 6 सप्ताह में आयोजित कराए जाने वाली गतिविधियों को समय सीमा में पंचायत स्तर पर प्रचारित करने, एक बगिया मां के नाम योजना के कार्यों में तीव्र गति लाने, आगामी जलगंगा अभियान 2026 की पूर्व तैयारी एवं कार्य योजना तैयार करने, 19 मार्च 2026 से जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक एक जलसंरचना में जनसहयोग से अभियान शुभारंभ करने, विगत वर्ष के जल गंगा अभियान के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कर जल संचय पोर्टल पर अपलोड करने, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत वाश ऑन व्हील, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण हेतु स्थल का चयन एवं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने, ओडीएफ प्लस मॉडल विलेज सत्यापन अभियान तथा चिन्हित पंचायत में कचरा कलेक्शन एवं प्लास्टिक कलेक्शन, प्रत्येक पंचायत में वॉश ऑन व्हील के तहत ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से डिमांड एवं मांग पूर्ति करने, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पात्र हितग्राहियों का चयन कर 13 मार्च 2026 तक जनपद पंचायत में सूची उपलब्ध कराने, शौचालय के जियो टैग करने के निर्देश दिये।

जिला पंचायत सीईओ जोसेफ ने 8 मार्च से 22 मार्च 2026 तक जिले में ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम सत्यापन अभियान के तहत जनपद स्तर से गठित सत्यापन दलों द्वारा ग्रामों का सत्यापन करने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही पंचायतों के अधिरोपित करारोपण की वसूली करने एवं पंचायत दर्पण पर एंट्री करने, ग्राम पंचायतों में बकाया विद्युत बिल भुगतान करने, पंचायतों के अनुपयोगी विद्युत कनेक्शन को बंद करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टि से निराकरण को प्राथमिकता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जोसफ ने ग्राम पंचायत रहटगांव, बड़झिरी, राजाबरारी, टेमरुबहार के अनुपस्थित सचिव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी चेतना पाटिल, जनपद एवं जिला पंचायत के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

### क्रशर मशीन ने डेरा डाला

## चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग-निर्माण की हलचल तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती महाराष्ट्र के पहाड़ी वनक्षेत्र में चलित क्रशर और अन्य मशीनों ने डेरा डाल दिया है और बहुप्रतीक्षित चित्तौड़गढ़-भुसावल राष्ट्रीय मार्ग-(एनएच-347 सी) निर्माण की हलचल तेज हो गई है। जबकि निर्माण कंपनी ने ग्राम दामखेड़ा में पूर्व में ही केम्प स्थापित कर दिया है। इस मार्ग के तृतीय चरण का कार्य,एम.एस खुराना इंजीनियरिंग लिमिटेड अहमदाबाद की निविदा स्वीकृति के बाद किया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए वन विभाग ने कुल 110.0992 हेक्टेयर वनभूमि हस्तांतरित कर दी है।

जिसमें 76.1384 हेक्टेयर एवं कैरिज-वे का क्षेत्रफल 33.9608 हेक्टेयर भी शामिल है। फलस्वरूप सरवर देवला (बिस्टान) से 55.80 किमी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पाल) तक मार्ग चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य की गतिविधियां तेज हो गई है। जबकि गाड़िगयाआम घाट पर चलित क्रशर मशीन सड़क निर्माण की अधिग्रहित भूमि (आर.ओ.डब्ल्यू) में खड़ी है और सघन वन क्षेत्र में इसके संचालन की आशंकाओं के चलते कवायदों का दौर जारी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्तीय वर्ष 2022,23 में ईपीसी मोड के तहत रू 929.16 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की थी। इसके तीन चरणों में से प्रथम चरण में खलघाट अंडर ब्रिज से सरवर देवला (किमी 81.600) तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि द्वितीय चरण में कसरावद,सैलानी, खरगोन बाईपास (रू.467.93 करोड़) और तृतीय चरण में सड़क खंड सरवर देवला से मध्य प्रदेश महाराष्ट्र सीमा पाल किमी 137.400 तक (रू.461.23 करोड़) तक मार्ग निर्माणाधीन है। लेकिन कार्य में विलम्ब के चलते जीर्ण-शीर्ण मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही है।

## उपायुक्त मनरेगा परिषद ने निर्माणाधीन पंचायत भवनों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

उपायुक्त मनरेगा परिषद भोपाल विशाल सिंह ने हरदा जिले में अटल सेवा सदन, पंचायत भवन एवं एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत जनपद पंचायत खिरकिया, टिमरनी व हरदा की ग्राम पंचायत लोनी, बड़नगर, बरकला , गोंदागांवकला, सोनखेड़ी,जामली दमामी एवं खेड़ीनीमा में पंचायत भवन निर्माण का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। सिंह ने एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत स्वसहायता समूह की पात्र हितग्राहियो के खेत पर फेंसिंग एवं वृक्षारोपण कार्यो का निरीक्षण कर उपयुक्त मार्गदर्शन भी प्रदाय किया। उन्होंने सभी पंचायत भवन निर्धारित प्राक्कलन व समयसीमा में पूर्ण करवाने के साथ ही एक बगिया मां के नाम अंतर्गत सभी परियोजनाओं में वृक्षारोपण एवं फेंसिंग कार्य तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश मौका स्थल पर दिए। निरीक्षण में परियोजना अधिकारी मनरेगा, उपयंत्री, संबंधित ग्राम पंचायत का अमला व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नदी में डूबने से 6 वर्षीय बालिका की मौत, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूपीपरेटिया में नदी में डूबने से 6 वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। बुधवार दोपहर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सुहागपुर मनियाखेड़ी निवासी कालू कोरकू की 6 वर्षीय बेटी जमना मंगलवार शाम को शौच के लिए नदी के पास गई थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। घटना के बाद परिजनों और मामा ने रात भर नदी के आसपास बच्ची की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह करीब 6 बजे बच्ची का शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के पिता कालू कोरकू मूल रूप से खंडवा जिले के रहने वाले हैं और वर्ष 2006 से हरदा में निवास कर रहे हैं। उनके परिवार में पांच बेटियां और दो बेटे हैं, जिनमें मृतका जमना जुड़वां थी।

## डस्टबिन न रखने वाले दुकानदारों पर प्रशासन ने की जुर्माना की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



शहर को स्वच्छ बनाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी अशोक कुमार डेहरिया के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने शहर में विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान एसडीएम ने नगर पालिका अमले के साथ विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। जिन दुकानदारों के पास गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई। इस दौरान शासकीय जिला चिकित्सालय के सामने लंबे समय से जमा अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही भी नगर पालिका अमले द्वारा की गई। अनुविभागीय अधिकारी डेहरिया ने बताया कि दुकानदारो द्वारा गीला एवं सूखा कचरा रखने के लिए डस्टविन नहीं पाये जाने पर अर्थदण्ड आरोपित किया जावेगा। साथ ही सभी दुकानदारो से अपील की गई है कि गीला एवं सूखा कचरा हेतु डस्टविन रखकर शहर को स्वच्छ बनाने में पूरा सहयोग दें।

## रेलवे ब्रिज बनने के कारण भारी वाहनों का आवागमन रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रेलवे फाटक क्रमांक 204 (डबल फाटक) पर आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई थी। निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की संभावनाओं को देखते हुए आमजन की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। भारतीय रेलवे अधिकारियों ने निर्माण अवधि के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना होने की आशंका व्यक्त की थी। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) (3) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, आरओबी निर्माण कार्य की अवधि में ग्राम उड़ा ब्रिज से राठी पेट्रोल पंप, मालगोदाम और शंकर मंदिर तक के मार्ग पर बस, ट्रक, डंपर, ट्राला और टैंकर सहित सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में रेलवे फाटक से आने-जाने वाले सभी भारी वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 47 (एनएच-47) का उपयोग वैकल्पिक मार्ग के रूप में करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 233 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अतिथि शिक्षकों ने संयुक्त कलेक्टर को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया, संविदा शिक्षक बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के अतिथि शिक्षकों ने बुधवार शाम मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षकों ने प्रदेश के सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष नीलेश सोनी ने कहा कि जिन्होंने 18 वर्षों तक अपनी जवानी की ऊर्जा, ज्ञान का प्रकाश और जीवन का अमूल्य समय प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य संवारने में लगाया, उन्हें तत्काल नियमित किया जाए। उन्होंने वरिष्ठता एवं कार्य अनुभव के आधार पर हरियाणा मॉडल लागू करते हुए अतिथि शिक्षकों को संविदा शिक्षक बनाने की मांग की।


ज्ञापन में कार्य अनुभव को महत्व देते हुए प्रदेश के समस्त अतिथि शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से सेवा सुरक्षा प्रदान करने, बारह माह का कार्यकाल और सेवानिवृत्ति की आयु तक पद का स्थायीकरण करने की बात कही गई। इसके साथ ही, मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2005, 2008 और 2011 की अंक सूची को लाइफटाइम वैधता प्रदान करने की मांग भी की गई। म.प्र. शिक्षक भर्ती की न्यूनतम अर्हता म.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा म.प्र. शिक्षक चयन परीक्षा दोनों उत्तीर्ण अतिथि शिक्षकों को आयु में छूट प्रदान कर कार्य अनुभव लाभ के साथ वरीयता क्रम में प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक बनाने की मांग रखी गई। अतिथि शिक्षकों ने उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती-2023 के शेष बचे हुए रिक्त पदों पर 50% आरक्षण प्रदान करने और चयन प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु उनके लिए पृथक से काउंसलिंग आयोजित करने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा विभाग के 27 दिसंबर 2024 के आदेश में संशोधन कर 50% क्षैतिज आरक्षण के साथ ही, कार्य अनुभव के अधिकतम 20 बोनस अंक जोड़ने का प्रावधान करते हुए नवीन संशोधित राजपत्र प्रकाशित करने की मांग की गई है।

### शासन ने दी स्वीकृति, हरदा जिले के दो सरकारी स्कूलों में शुरू होगा कृषि संकाय

**हरदा।** जिले के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छी खबर है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के प्रयासों से लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश ने हरदा जिले के दो प्रमुख शासकीय स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र से कृषि संकाय शुरू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हंडिया तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक), रहटगाँव में कृषि संकाय की पढ़ाई शुरू की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक द्वारा जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे इन स्कूलों में अध्यापन कार्य के लिए जिले के स्वीकृत पदों में से ही अतिशेष शिक्षकों या अतिथि शिक्षकों के माध्यम से उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्र के उन छात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा जो कृषि के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं और जिन्हें पहले इस विषय की पढ़ाई के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था।

## हजरत बाबा बदख्शानी का 112वां उर्स प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिला मुख्यालय स्थित दरगाह हजरत सैय्यद कुरबान अली शाह बदख्शानी का 112वां उर्स मंगलवार से प्रारंभ हो गया है, जो आगामी 15 मार्च तक चलेगा। इस उर्स में जियारत करने के लिए मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में जायरीन आते हैं। यह उर्स प्रदेश और देश में राजगढ़ की पहचान बन गया है।

हर साल उर्स कमेटी और जिला प्रशासन यहां की माकूल व्यवस्था करता है। इसके अलावा शहर के अन्य धर्मों के नागरिक भी उर्स में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। पहली बार किसी कलेक्टर ने दरगाह परिसर में ली थी बैठक उर्स की व्यवस्थाओं को लेकर दरगाह परिसर में साल 2015 में उस समय के कलेक्टर आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई थी। यह पहला मौका था जब किसी कलेक्टर ने दरगाह शरीफ में आकर उर्स को लेकर इस तरह से बैठक की हो। बैठक में तत्कालीन एसपी शशिकांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एसडीएम अंजलि शाह, जिला वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदर अब्दुल हकीम नियाजी, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित उर्स इन्तजामिया कमेटी के सदस्य मौजूद थे । इस मौके पर कलेक्टर शर्मा के सुझाव पर बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उर्स में आने वाले लोग अपने साथ थैला, झोला बैग जो भी आवश्यक समझें साथ लाएं ताकि पॉलिथिन के उपयोग पर लगाम लग सके। इसके साथ ही दुकानदारों के परिचय पत्र भी बनाए जाने निर्देश प्रबंधन समिति को दिए गए थे।

## इछावर में दिनदहाड़े लूट, बाइक सवार बदमाशों ने युवक को पीटा, सोने की चेन झपटकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इछावर थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक वारदात को अंजाम दिया है। ढाबला-सेमली मार्ग पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसके साथ मारपीट की और गले से सोने की चेन लूटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आयुष नाम का युवक, जो एक कृषि दवाई कंपनी में कार्यरत है। सोमवार को सीहोर से इछावर होते हुए सेमली गांव की ओर जा रहा था, जैसे ही वह ढाबला-सेमली सडक़ पर पहुंचा, पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उसका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि युवक कुछ समझ पाता, बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी।

### चेन छीनी और जंगल के रास्ते भागे



*पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान बदमाशों ने युवक के गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद आरोपी तेजी से बाइक दौड़ाते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित आयुष ने इछावर थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।*

***पुलिस ने गठित की टीम*** *: मामले की गंभीरता को देखते हुए इछावर थाना पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के अनुसार युवक की शिकायत पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रवाना की गई हैं और संदिग्ध रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।*